संशोधित

कार्यालय–मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पं0दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय वाराणसी।

पत्रांकः पं0दीन0द0/विज्ञप्ति/2026–27/ 4167- दिनांक 21 नवम्बर, 2026

प्रेस विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी लखनऊ के अंतर्गत पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी ओ0एस0टी0 सेंटर में 01 ए0एन0एम0/स्टाफ नर्स की संविदा के आधार पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार 31 मार्च 2027 तक के लिये नियुक्ति की जानी है। इसके बाद समय सीमा नियमानुसार आगे भी बढ़ाई जा सकती है।

पदों का विवरण

क0सं0	पद का नाम	पद संख्या	शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव	साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान	देय मानदेय प्रतिमाह	आयु सीमा
1.	ए0एन0एम0/ स्टाफ नर्स (ओ0एस0टी0 सेन्टर)	01	The nurse should have minimum qualification of ANM from recognized University/Institution or resigstered in U.P. Nursing Council. Those with Diploma nursing/Bachelor of Science (Nursing) would be preferred. Experienced candidate would be preferred.	– 07.12.2026 – प्रातः 11:00 बजे – पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी।	ए0एन0एम0–रू0. 18,000/– स्टाफ नर्स– रू0. 21,000/–	18 से 40 वर्ष

आवेदन हेतु निर्देशः

1. इच्छुक अथ्यर्थी वाक–इन–इन्टरव्यू हेतु अपना आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा साधारण पेपर पर, पद से संबंधित योग्यतानुसार समस्त सूचना अंकित कर दिनांक 16.11.2026 से 30.11.2026 तक सायं 05 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी के पते पर प्रेषित करें। इसके उपरान्त प्राप्त हुए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये varanasi.nic.in पर विजिट करें।

2. आवेदन पत्र का प्रारूप– पदनाम, कार्यालय का नाम, उसके नीचे अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम, जन्मतिथि, पता (स्थाई एवं पत्राचार), मोबाईल नं0, इ–मेल, जाति, समस्त शैक्षिक विवरण एवं उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करें। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, कार्यालय का नाम बड़े अक्षरों में अंकित करें, आवेदन पत्र के पूर्णरूप से नहीं भरे होने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

3. साक्षात्कार के समय समस्त मूल अभिलेख लाना अनिवार्य है।

4. साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

5. साक्षात्कार कि तिथि अथ्यर्थी

5. उपरोक्त पद पर नियुक्ति 31.03.2026 तक के लिए मान्य होगी जिसे भारत सरकार/सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त ही आगे बढ़ाया जा सकता है।

6. साक्षात्कार में चयन समिति द्वारा दिये गये अंकों के अतिरिक्त अनुभव इत्यादि पर भी विचार किया जा सकता है। इस संबंन्ध में समिति का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

7. काई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी लखनऊ द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने का वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय,
वाराणसी।

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. पदनाम.....
2. अभ्यार्थी का नाम.....
3. पिता/पति का नाम.....
4. जन्मतिथि.....
5. (क)स्थायी पता.....

   (ख)पत्राचार का पता.....
6. मो0नं0.....
7. ई–मेल.....
8. जाति.....
9. शैक्षिक योग्यता.....
10. उ0प्र0 नर्सिंग काउंलिल का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र.....
11. अनुभव.....
12. अन्य योगता(यदि कोई हो).....

अभ्यार्थी /अभ्यार्थीनी हस्ताक्षर

घोषणा

मैं ..... एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सारे विवरण सही/सत्य हैं। यदि कोई तथ्य गलत/असत्य पायी जाती है तो मेरी नियुक्ति निरस्त कर दी जाय एवं नियुक्ति के बाद भी कोई स्थिति गलत/असत्य पायी जाय तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जाय, मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांक .....

अभ्यार्थी /अभ्यार्थीनी हस्ताक्षर